हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 10 अंक : 311 देहरादून, सोमवार, 13 जून, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे श्री केदारनाथ धाम पहुंचे

4

# पीएम मोदी ने किया देश की रीति-नीति का कायाकल्प : मुख्यमंत्री पुष्कर धामी

## प्रधानमंत्री मोदी ने बनाया देश की गर्वनेंस को परफॉरमिंग गर्वनेंस : कृषि मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




मोदी सरकार के सफल 8 साल पूर्ण होने के अवसर पर मसूरी विधानसभा अंतर्गत सर्वे स्टेडियम, हाथीबड़कला में राज्य स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन तथा विशाल गरीब कल्याण सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह के सत्र में ग्राम्य विकास विभाग के तत्वाधान में कृषि, उद्यान तथा गाम्य विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किया। शाम के सत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कृषि मंत्री गणेश जोशी तथा शहरी विकास मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल सहित महानगर देहरादून के विधायगणों द्वारा गरीब कल्याण सम्मेलन तथा लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अनन्त गोपाल संगीत प्रतिभा संस्था तथा गुरूकुल संस्था की संस्थापिका प्रतिभा श्रीवास्तव द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर आधारित नृत्यनाटिका का मंचन भी किया।

**मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं**

1. उद्यान विभाग द्वारा संचालित एप्पल मिशन योजनांतर्गत 6 करोड़ की धनराशि को दोगुना कर 12 करोड़ करने की घोषणा की।

2. राज्य में कीवी फल उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजनांतर्गत रुपए 18 करोड़ स्वीकृत करने की घोषणा की इस दौरान दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत अपोलो मेडिस्किल के सहयोग से मेडिकल क्षेत्र से संबंधित विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित ग्रामीण अभियर्थियों को रोजगार नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मोदी सरकार के सफल 8 साल पूर्ण होने पर आप सभी लोगों को बधाई देता हूं और पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। और ऐसा करने के लिए मेरे पास एक नहीं बल्कि कई वजहें हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में यह साबित किया है, कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार हो तो महत्पूर्ण फैसलों की बदौलत देश की दशा और दिशा बदली जा सकती है। मोदी जी ने जबसे देश की बागडोर संभाली है उन्होंने देश में राजनीति की दिशा को ही बदल कर रख दिया है। दशकों से राज कर रही पार्टियों को भी आज मोदी जी ने परफॉरमेंस करने पर बाध्य कर दिया है। मोदी जी रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म के नारे को केन्द्र सरकार तथा राज्यों की सरकारों का मूल मंत्र बना दिया है। यहां तक कि हम पर भी परफॉर्म करके दिखाने की जिम्मेदारी है।

ऊर्जावान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड हर 100 दिन में आपके बीच रख रहे हैं। इसी प्रकार पूरा देश रिफार्म यानि पूरानी बेकार की कार्यप्रणाजी को बदल रहा है। परफार्म यानि काम करके दिखा रहे हैं और ट्रांसफार्म यानि इस प्रकार देश हर दिशा में विकास की ओर बदल रहा है। चाहे घरेलू चुनौतियों से निपटते हुए राष्ट्र को विकास की पटरी पर दौड़ाने का प्रश्न हो अथवा विदेशनीति के मोर्चे पर देश की छवि को स्थापित करने का काम। मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व में आज भारत देश हर स्तर पर विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। हाल के वर्षों में सरकार के सामने कोरोना महामारी और ध्वस्त होती इकोनॉमी जैसी चुनौतियां सामने आई लेकिन इन चुनौतियों से जूझते हुए मोदी सरकार ने देश की विकास यात्रा को नई गति दी है। देश के अन्नदाता किसानों की उपज को उचित दाम दिलाने के लिए मोदी जी ने कई प्रयास किए हैं। आज का किसान बिचौलियों को मोहताज नहीं है ई-नाम पोर्टल पर मंडियों को ऑनलाईन किया जा चुका है। कृषि उपजों को उचित दाम दिलाने के लिए एमएसपी का निर्धारण किया गया है। किसानों को सीधी राहत प्रदान करने के लिए किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में हर साल 6000 रूपए डाले जा हैं।




मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, नारे के साथ 2014 से नरेन्द्र मोदी ने किया देश की रीति-नीति का कायाकल्प डिजिटल भारत का नारा दिया था। इन 8 सालों को उन्होंने भारत को डिजिटल इकोनॉमी बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। पहले की एक पार्टी और एक परिवार की सरकार सिर्फ कुछ घरानों के हितों को साधने के लिए नीतियां बनाती थी। पीएम मोदी ने पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों पर आधारित अंत्योदय आधारित योजनाएं बनाने की नींव डाली। यह सही मायने में जनता का, जनता के लिए और जनता के बेटे द्वारा शासन है। देश के प्रत्येक परिवार को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को जनधन की शुरुआत की थी। अभी तक जनधन योजना के तहत देश में 45 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के नाम पर ज्यादा जनधन खाते खुले हैं। कोरोना संकट के दौरान महिलाओं के इन्हीं बैंक खातों में सहायत राशि पहुंचाई गई। इसके अलावा लोगों को हर तरह की सब्सिडी का लाभ इसी अकाउंट के जरिये मिल रहा है। उज्ज्वला योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों के लिए घरेलू रसोई गैस मुहैया कराती है। अब तक 9 करोड़ से अधिक माताओं-बहनों को स्वच्छ ईंधन के तौर पर रसोई गैस उपलब्ध करवाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं दुनिया के सबसे बड़ी हेल्थ बीमा योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे आने वाले परिवारों को 5 लाख रुपये तक का नकदी रहित (कैशलेस) स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। देश में में 10 करोड़ परिवारों के 50 करोड़ सदस्यों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। हर घर नल योजना यानि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

आज देश के प्रत्येक नागरिक को पानी, सड़क, घर तथा उपचार जैसी बुनियादी सुविधाएं ना सिर्फ मिल रहीं हैं। बल्कि इसकी सख्त मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किए गए हैं। गरीब का पैसा आज सीधे गरीब के खाते तक पहुंच रहा है। आपने राज्य में ही ऑल वेदर रोड तथा पहाड़ों पर रेल जो कि एक सपना जैसा था आज साकार हो रहा है। एक सशक्त तथा जनता के लिए संवेदनशील नेतृत्व ही यह काम कर सकता है। यही कारण है कि आज पीएम मोदी का नाम छोटे - छोटे बच्चों तक की जुबान पर है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकल्प रहित संकल्प के नारे के आधार पर काम कर रही है। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में राज्य की जनता को शामिल कर रहे हैं। हमने 1064 नम्बर जारी किया है जिस पर लोग भ्रष्टाचारियों के खिलाफ शिकायत कर सकते हैं इस दौरान राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, भाजपा महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट, मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, महामंत्री सुरेन्द्र राणा, आरएस परिहार, निरंजन डोभाल, कार्यक्रम संयोजक अनिल गोयल, मंजीत रावत, अनुज रोहिला, भुपेन्द्र कठैत, अजीत चौधरी, ज्योति कोटिया, संध्या थापा, भावना चौधरी, अनुज कौशल भी उपस्थित रहे।

# आज विधायक पद की शपथ लेंगे मुख्यमंत्री धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड में प्रचंड जीत के नायक और उपचुनाव चम्पावत में रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल करने वाले मुख्यमंत्री के लिये आज का दिन अहम है। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण आज 13 जून को चंपावत उपचुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विधानसभा सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगी।

आपको बता दें कि बजट सत्र से पहले विधानसभा भवन में प्रकाश पंत भवन स्थित सभागार में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण आज दोपहर 12:30 बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाएंगी जिसके बाद एक विधायक के तौर पर संवैधानिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश की कमान युवा चमत्कारी लीडर धामी के हांथों में आ जायेगी।



# आईएएस अफसर के तीन ठिकानों पर विजिलेंस का छापा

देहरादून। आय से अधिक संपत्ति मामले के आरोपी आईएएस डॉ. रामविलास यादव के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चार ठिकानों लखनऊ स्थित दो घरों, देहरादून स्थित सरकारी आवास और पत्नी के नाम से लखनऊ में संचालित स्कूल की विजिलेंस ने तलाशी ली। इस कार्रवाई में स्कूल के बारे में खुलासा हुआ है। इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। तलाशी के दौरान आवासों में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। विजिलेंस निदेशक अमित सिन्हा ने बताया कि आईएएस डॉ. रामविलास यादव के खिलाफ गत 16 अप्रैल को विजिलेंस देहरादून सेक्टर में आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज हुआ था। उनकी यह जांच उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कई तैनातियों के मद्देनजर की गई थी। यूपी सरकार ने भी उनकी जांच के संबंध में उत्तराखंड के कुछ दस्तावेज भेजे थे। मुकदमे के बाद उनके ठिकानों (आवास व अन्य दफ्तर आदि) में तलाशी के लिए अदालत से सर्च वारंट लिया गया था। इसी क्रम में शनिवार को विजिलेंस की टीम देहरादून में टिहरी हाउस राजपुर रोड स्थित सरकारी आवास, गांव परेवा, दूसरी टीम तहसील जखनिया, दौलतपुर, गाजीपुर, तीसरी टीम जनता विद्यालय, कुर्सी रोड, गुडंबा, लखनऊ और चौथी टीम लखनऊ के दिलकश विहार कॉलोनी, सीतापुर रोड पर आवास भेजी गई थी। सिन्हा ने बताया कि इन आवासों से कई दस्तावेज कब्जे में लिए गए हैं।

# सेहत की बात : पुरुषों से ज्यादा आयरन की ज़रुरत है महिलाओं को






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आयरन सबके लिए एक आवश्यक खनिज है। हालांकि इसकी सबसे ज्यादा जरूरत महिलाओं को होती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार, एक औसत वयस्क पुरुष को प्रतिदिन लगभग आठ मिलीग्राम आयरन की आवश्यकता होती है और एक औसत वयस्क महिला को प्रतिदिन 18 मिलीग्राम आयरन की आवश्यकता होती है। गर्भावस्था के दौरान, एक महिला को 27 मिलीग्राम की जरूरत होती है, जो पुरुषों की जरूरत का तिगुना है।

देश में महिलाओं की एक बड़ी संख्या जहां खून की कमी या एनीमिया से पीड़ित है, वहीं आयरन की कमी और अपने शरीर में इसकी ज़रूरत के बारे में ज्यादा जागरुक भी नहीं हैं। मानव शरीर असंख्य पोषक तत्वों और खनिजों से बना है, जिसके बिना यह ठीक से काम नहीं कर सकता है। शरीर एक या अधिक कारकों के कारण इन पोषक तत्वों और खनिजों के नुकसान का अनुभव करता है, जो आगे चलकर शरीर के समुचित कार्य को प्रभावित कर सकता है।

शरीर में सबसे आवश्यक खनिजों में से एक लोहा है। लाल रक्त कोशिकाओं को शरीर के बाकी हिस्सों में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करने के लिए इसकी आवश्यकता होती है। इसके अलावा, यह ऊर्जा उत्पादन में भी मदद करता है। अपने स्वास्थ्य के लिए आपको भी जानना चाहिए आयरन की आवश्यकता, इसकी प्राप्ति के स्रोत और इसकी कमी से होने वाले नुकसान के बारे में।

**आयरन की है कमी तो ये खाएं**

न्यूट्रिशनिस्ट के अनुसार, "यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भले ही एक महिला भोजन से अधिक से अधिक आयरन लेने के लिए प्रयास करती है, फिर भी यह दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह पर्याप्त नहीं हो सकता है। भोजन में दो अलग-अलग प्रकार के आयरन पाए जाते हैं, हीम और नॉन-हीम आयरन। हीम आयरन पशु प्रोटीन में पाया जाता है।

अधिकांश स्वास्थ्य अधिकारी प्रति सप्ताह केवल 500 ग्राम रेड मीट के सुरक्षित सेवन की सलाह देते हैं। इसके अलावा, गैर-हीम लोहा – जो पौधों, नट्स और फलियों में पाया जाता है – शरीर को बहुत कम मिलता है। खाने के बाद चाय और कॉफी पीने जैसी अन्य दैनिक आदतें इन पेय पदार्थों में मौजूद टैनिन के कारण आयरन की मात्रा को और कम कर सकती हैं। इसलिए अगर आप में आयरन की कमी हो, तो इन्हें लेने से बचें और अपनी डाइट में चुकंदर, बादाम, किशमिश समेत रेड मीट को ज़रूर शामिल करें।

# कैंसर क्रांति है डॉस्टरलिमैब : कैंसर के मरीजों में जगी नई उम्मीद




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कैंसर की नई दवा को डॉस्टरलिमैब नाम दिया गया है। किसी भी दवा के अंत में अगर 'मैब' लगा हो, तो वह इम्युनोथेरपी ग्रुप में आती है। मैब यानी मोनोक्लोनल एंटीबॉडी- जो इम्यून सिस्टम के साथ मिलकर काम करे। कोरोना में भी हमने देखा था कि टॉक्सलीजुमैब नाम से एक दवा आई थी। पहले कहा गया था कि बहुत कारगर दवा है, बाद में पता चला कि कुछ नहीं है। वैसे डॉस्टरलिमैब कीमोथेरेपी से अलग इसलिए है क्योंकि कीमोथेरेपी कैंसर की कोशिकाओं के साथ-साथ कुछ आम कोशिकाओं को भी मार देती है। इस वजह से बालों का झड़ना या दूसरे साइड इफेक्ट सामने आते हैं। डॉस्टरलिमैब यह नहीं करती। यह आम कोशिकाओं को नहीं मारती।

लेकिन ऐसा नहीं है कि डॉस्टरलिमैब सारे कैंसर पर काम करेगी। यह दवा सिर्फ रेक्टल कैंसर पर आजमाई गई है। रेक्टल कैंसर कहते हैं मलद्वार के कैंसर को। इस कैंसर में हो यह रहा था कि मलद्वार पर कोशिकाओं में बदलाव आ गया था, उनके मरने की क्षमता खत्म हो गई थी और वह एक अंग से दूसरे अंग में जाने लगी थीं। इस कैंसर में खास बात यह थी कि यह शरीर की साधारण कोशिकाओं जैसे ही एक नकाब ओढ़ लेता था। इस नकाब के चलते शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यह अंतर नहीं कर पाती थी कि साधारण कोशिका कौन सी है और कैंसर वाली कौन सी। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कैंसर वाली कोशिका को भी साधारण कोशिका मानकर छोड़ देती थी। डॉस्टरलिमैब ने चेक पॉइंट इनहिबिटर्स (Checkpoint Inhibitors) को ब्लॉक किया। ब्लॉक करते ही कैंसर की कोशिका बेनकाब हो गई और इम्यून सिस्टम ने पहचान कर उसे मार दिया। काम तो बेसिकली हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता ने किया, दवा तो बस कैंसर को बेनकाब करने का काम कर रही है।

यह दवा मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर और फार्मास्युटिकल कंपनी ग्लैक्सो ने खोजी है। इन दोनों के संयुक्त अभियान में 18 मरीजों पर इसका ट्रायल किया गया। अधिकतर मामले कैंसर की एडवांस स्टेज के लिए गए क्योंकि दवा का ट्रायल कैंसर की अर्ली स्टेज पर नहीं करते हैं। सभी मरीजों को तीन-तीन हफ्ते पर एक-एक खुराक दी गई। दवा की छह खुराक देने के बाद छठे महीने में इन मरीजों का पेट स्कैन हुआ, एंडोस्कोपी की गई। इसके परिणाम में पता चला कि अब इन मरीजों में कैंसर नहीं है।अगर डॉस्टरलिमैब कारगर साबित होती है और पांच साल तक के फॉलोअप में लगता है कि मरीज कैंसर मुक्त रहा, तब हम कहेंगे कि वाकई यह चमत्कारी दवा है। अभी तो बस यही कह सकते हैं कि आशा की किरण दिखी है क्योंकि अभी तक कैंसर में कोई एक चीज सौ फीसदी कारगर नहीं हो रही थी। ट्रीटमेंट में सबको मिक्स करना पड़ता था- मतलब सर्जरी, कीमो, रेडिएशन आदि।



# विहिप के राष्ट्रीय महामंत्री बोले- भारत के विरोध में वैश्विक स्तर पर रचा जा रहा षड़यंत्र, केंद्र से कड़े कदम उठाने की अपील



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत के विरोध में माहौल खड़ा करने को षडयंत्र रचा जा रहा है। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने आरोप लगाया कि इस षडयंत्र में कुछ देश व समूह शामिल हैं, जिनका साथ विश्व मीडिया के कुछ लोग दे रहे हैं।

रविवार को हरिद्वार में केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के दो दिवसीय अधिवेशन के बाद पत्रकारों से बातचीत में परांडे ने कहा कि इन दिनों अक्सर देखने में आ रहा है कि भारत में घटित होने वाली छोटी सी छोटी घटना को भी विश्वस्तर पर बड़े स्वरूप में प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारत सरकार पर दबाव बनाना है। उन्होंने इसे वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध षडयंत्र करार दिया और कहा कि ऐसा जान-बूझकर किया जा रहा है। कई बार तो लगता है कि जैसे यह सब काम पूर्व नियोजित तरीके से किया गया है या किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में कड़ा रवैया अपनाने की अपील भी की।

विहिप राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि चीन, पाकिस्तान, यूक्रेन, अमरीका सहित यूरोप और अफ्रीका महाद्वीप के कई देशों में लगातार घटित हो रही घटनाओं की विश्वस्तर पर कोई चर्चा नहीं है। न ही वैश्विक स्तर पर छोटे-छोटे विषयों को लेकर भारत के विरोध में मुखर रहने वाले देश इन पर अपनी चुप्पी तोड़ रहे हैं। आरोप लगाया कि पाकिस्तान में लगातार बम विस्फोट हो रहे हैं और हिंदू-मुसलमान दोनों मर रहे हैं। इसी तरह चीन में भी लगातार घटनाएं घट रही हैं, यूक्रेन में रोजाना मिसाइल और बम गिराए जा रहे हैं।

निर्मल पीठाधीश्वर श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह, निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि, युग पुरुष स्वामी परमानंद, श्रीमहंत रवींद्रपुरी, स्वामी प्रेमानंद, महामंडलेश्वर स्वामी जनार्दन हरि, स्वामी ललितानंद, महंत रामकृष्ण दास, स्वामी जितेंद्रदास, स्वामी निजानंद, स्वामी रामदास, स्वामी आत्मानंद पुरी, स्वामी चिदंबरानंद, आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती, स्वामी श्यामानंद, महंत ज्ञानानंद, साध्वी प्राची, महामंडलेश्वर रूपेंद्रप्रकाश, स्वामी परमानंद सरस्वती आदि।

विहिप के केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी, संरक्षक दिनेश चंद्र, केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं राममंदिर तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय, केंद्रीय संगठन महामंत्री विनायकराव देशपांडे, केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे, केंद्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल, केंद्रीय मंत्री धर्मनारायण, राजेंद्र सिंह पंकज, रास बिहारी, केंद्रीय मंत्री एवं प्रांत अध्यक्ष उत्तराखंड रविदेव आनंद, प्रांत संगठन मंत्री उत्तराखंड अजय कुमार, क्षेत्र सेवा प्रमुख भारत गगन अग्रवाल, प्रांत संयोजक बजरंग दल अनुज वालिया, विभाग अध्यक्ष बलराम कपूर, जिला अध्यक्ष नितिन गौतम, जिला मंत्री भूपेंद्र सैनी, जिला उपाध्यक्ष प्रभाकर कश्यप, मयंक चौहान, अमित मुल्तानिया आदि।

# कम बच्चे पैदा कर रहे Young India की आबादी 2100 तक 29 करोड़ होगी कम




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देश की सबसे बड़ी समस्या है तेज़ी से बढ़ती आबादी , यही वो वजह है जिसके कारण बेरोजगारी , मंहगाई और हर क्षेत्र में कम्प्टीशियन बढ़ता जा रहा है। लेकिन अच्छी खबर ये है कि देश समझदार हो रहा है , ख़ास कर युवा जागरूक और जनसंख्या नियंत्रण को लेकर गंभीर हो रहे हैं। यही वजह है कि दुनियाभर की अनुमानित बढ़ती जनसंख्या अगले कुछ दशकों में तेज़ी से कम होगी और सबसे अच्छी खबर भारत के लिए है जहाँ गिरावट का आंकड़ा लगभग 30 करोड़ बताया जा रहा है।

बढ़ती हुई जनसंख्या से जूझ रही दुनिया के लिए अच्छी खबर है। दुनिया की आबादी अगली सदी में कम होने वाली है। एक ताजा स्टडी में अनुमान लगाया गया है कि पृथ्वी की कुल आबादी साल 2064 में 9.7 अरब तक पहुंचकर अपने चरम पर पहुंच जाएगी। इसके बाद साल 2100 में यह घटकर 8.79 अरब रह जाएगी। लैंसेट मेडिकल जर्नल की इस रिपोर्ट के मुताबिक सदी के अंत तक भारत में 29 करोड़ लोग कम हो जाएंगे।

तेजी से बूढ़े हो रहे चीन में तो साल 2100 तक आधी जनसंख्या घट चुकी होगी। वहां वर्तमान में 140 करोड़ के मुकाबले 66.8 करोड़ घटकर सिर्फ 74 करोड़ आबादी रहने का अनुमान है। वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी ने कहा है कि जनसंख्या गिरने का जो ट्रेंड शुरू होगा, उसे बदला नहीं जा सकेगा। ये दावा संयुक्त राष्ट्र (UN) के उस अनुमान से उलट है, जिसमें कहा गया था कि वर्ष 2100 तक दुनिया की आबादी 11 अरब तक पहुंच जाएगी। फिलहाल दुनिया की आबादी 8 अरब से नीचे है। चीन, भारत, अमेरिका, पाक सबसे ज्यादा आबादी वाले देश हैं।

**शहरीकरण, महिलाओं की शिक्षा से भी बदलाव**

एक्सपर्ट्स शहरीकरण के साथ-साथ महिलाओं के शिक्षित होने, काम करने और बर्थ कंट्रोल के साधनों तक बेहतर पहुंच होने को जनसंख्या कम होने की वजह बताते हैं। साल 1960 में दुनियाभर में एक महिला औसतन 5.2 बच्चों को जन्म देती थी। आज आंकड़ा 2.4 बच्चों पर आ पहुंचा है। साल 2100 तक ये 1.66 तक पहुंच जाएगा।

**अफ्रीका में बढ़ेगी आबादी, यूरोप, अमेरिका में घटेगी**

रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरोप की तरह एशिया और दक्षिण अमेरिका में जनसंख्या गिरनी शुरू हो जाएगी। हालांकि, अफ्रीका में जनसंख्या बढ़नी जारी रहेगी, पर बढ़ने की गति धीमी होगी। नाइजीरिया में 58 करोड़ लोगों के बढ़ने की संभावना है।




# अवैध खनन पर और सख्त होगा अभियान : डॉ राजेश कुमार DM देहरादून





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बीते कुछ दिनों से देहरादून ही नहीं आसपास के तमाम इलाकों में अवैध खनन को लेकर ताबड़तोड़ प्रशासनिक कार्यवाही जारी है। इस दौरान बड़ी संख्या में अवैध खनन कर रहे वाहनों को सीज करने और उन पर अर्थदंड लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार काम कर रहा है। देर रात संदिग्ध खनन कर रहे वाहनों को पकड़ना हो , अवैध खनन कर रहे खनन माफियाओं की मकड़जाल को तोड़ना हो या फिर धामी सरकार की मंशा के अनुसार अवैध खनन कारोबारियों पंर शिकंजा कसने की सख्ती हो , देहरादून के जिला अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार खुद इस अभियान पर पैनी नजर रखे हुए हैं और रोजाना बड़ी संख्या में सख्त कार्यवाही भी सामने आ रही है । यही वजह है कि जिले में अवैध खनन की कमर तोड़ने में जिला प्रशासन को लगातार बड़ी सफलताऐ भी मिल रही है

**आपको यहां बता दें कि**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी अवैध खनन पर कड़ी कार्वाई करने को लेकर बेहद गंभीर हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों को जमीन पर प्रभावी बनाने के लिए देहरादून के जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार न सिर्फ विभागीय अधिकारियों को लगातार सख्त कार्यवाही के निर्देश दे रहे हैं बल्कि खुद फील्ड में जाकर सरकार की मंशा के अनुरूप खनन माफियाओं की गैर कानूनी एक्टिविटी पर जोरदार प्रहार कर रहे हैं। जिले के सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन, भण्डारण एवं अवैध परिवहन की सूचनाओं पर नियमित छापेमारी करते हुए कड़ी कार्वाई करने के निर्देश का क्या फीड बैक है ? ये रोजाना जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा इसकी रिपोर्टिंग भी लगातार ली जा रही है।



जिलाधिकारी के निर्देशों का असर दिखा है विकासनगर में जहां तहसीलदार विकासनगर सोहन सिंह रागंण के नेतृत्व में ढकरानी के आस-पास अवैध खनन पर कार्यवाही करते हुए डीएम राजेश कुमार के अवैध खनन के खिलाफ छेड़े गए अभियान के दौरान 1 डम्पर क्षमता से अधिक सामग्री लदे होने पाये जाने तथा मौके पर कोई दस्तावेज न दिखा पाने के फलस्वरूप वाहन को सीज करते हुए राज्य में प्रख्यापित उत्तराखण्ड उप खनिज (बालू, बजरी, बोल्डर) चुगान नीति, उत्तराखण्ड खनिज नियमावली का उल्लंघन है। संबंधित पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है।

जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने बताया कि अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी, जिसके लिए समस्त उप जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है कि वह अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन, की सूचनाओं/शिकायतों पर छापेमारी अभियान चलाते हुए निरंतर कार्यवाही करें।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 2464 ईडब्ल्यूएस आवासीय भवनों का शिलान्यास किया

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद द्वारा निजी सहभागिता से बनेंगे आवास



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आन्नेकी हेत्तमपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत किफायती आवास योजना घटक के तहत उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद द्वारा निजी सहभागिता से 17,332.07 लाख रूपये की लागत से बनने वाले कुल 2464 ईडब्ल्यूएस आवासीय भवनों , विधान सभा क्षेत्र-रानीपुर के लिये 1152, खानपुर के लिये 768 एवं मंगलौर के लिये 544 का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रोशनाबाद-बिहारीगढ़ मार्ग के मध्य क्षतिग्रस्त हेत्तमपुर पुल का पुनर्निर्माण करने तथा इसकी निगरानी के लिये समिति गठित करने की घोषणा की। उन्होंने इस मौके पर एकल आवासीय मानचित्रों की स्वीकृति की प्रक्रिया का सरलीकरण किए जाने हेतु बनी ऐप का भी शुभारम्भ किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आन्नेकी हेत्तमपुर, शिकारपुर एवं मंगलौर में तीन परियोजनाओं में 2464 ई0डब्ल्यू0एस0 आवासीय भवनों का शिलान्यास किया जाना, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य सरकार की सफल नीति का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुय कहा कि प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा माह दिसम्बर, 2021 में 2424 ई0डब्ल्यू0एस0 आवासीय भवनों के शिलान्यास के साथ उत्तराखण्ड में इस आवासीय योजना का शुभारम्भ हुआ, जिन पर निर्माण कार्य गतिमान है। उन्होंने कहा हमारे देश व प्रदेश की माताएं व बहनें जिनके पास रहने को छत नहीं थी, उनके दुख-दर्द को देखकर प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारम्भ की गई इस योजना से प्रत्येक निर्धन एवं निराश्रित परिवार को छत उपलब्ध कराकर आसूं पोछने जैसा परोपकारी कार्य किया गया है। उन्होंने कहा हमने निर्धन माताएं एवं बहनों का ध्यान रखते हुए आवास आवंटन में महिला सदस्य को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा सरकार द्वारा दुर्बल आय वर्ग के व्यक्तियों को आवास दिये जाने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से स्वीकृत उपरान्त 25 परियोजनाओं के अन्तर्गत कुल 22,440 आवास बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि मार्च, 2024 तक समस्त आवासों का कार्य पूर्ण कर लाभार्थियों को कब्जा हस्तांतरित किया जायेगा। उन्होंने कहा हमारी सरकार का लक्ष्य है कि हम पारदर्शी, समयबद्ध एवं भष्ट्राचार मुक्त प्रक्रिया के तहत एकल आवासीय मानचित्रों की स्वीकृति की प्रक्रिया, जो पहले काफी जटिल थी, उसका भी सरलीकरण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने डिजिटल इण्डिया मिशन का जिक्र करते हुये कहा कि इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा चौबीस घण्टे बिल्डिंग परमिट आवेदन सेवा, आवेदनों का समय पर निस्तारण, मानचित्र हेतु कार्यालय जाने की निर्भरता की समाप्ति, निःशुल्क पूर्व स्वीकृत मानचित्र की उपलब्धता, डिजिटल हस्ताक्षरित मानचित्र आवेदक को मेल द्वारा प्राप्ति की सुविधा एवं ऑनलाइन के माध्यम से अपनी आवासीय फाइल की सूचना आदि की व्यवस्था से आवेदक को लाभान्वित किया जा रहा है।



## सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे श्री केदारनाथ धाम पहुंचे



सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे सपरिवार श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। भगवान केदारनाथ के दर्शन किये। उनके साथ सेना के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर केदारनाथ धाम पुजारी टी गंगाधर लिंग ने सेनाध्यक्ष को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया।श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने सेनाध्यक्ष की अगवानी की।

## सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के प्रयास में एक नामजद समेत 50-60 पर केस

जसपुर। जुलूस निकालकर भड़काऊ नारेबाजी कर सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसआई सुरेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट ने बताया कि वह पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे। सोशल मीडिया पर 10 जून को लोगों ने भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा, नवीन जिंदल की गिरफ्तारी के संबंध में भारत बंद का एलान किया था। इसे ध्यान में रखकर 11 जून को कुछ व्यक्ति इमरान चौक पर सामूहिक रूप से लकड़ी मंडी से नारेबाजी करते हुए तहसील की ओर जा रहे थे। हाईवे पर वाहनों का जाम लगता देखकर उन्होंने जुलूस को आवास विकास कॉलोनी के पास रोक दिया। पुलिस बल को देखते ही सभी लोग तितर-बितर हो गए। एक व्यक्ति मेहर आलम निवासी नूरी मस्जिद के पास को उन्होंने पहचान लिया। आरोपियों ने सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने के लिए जुलूस निकाला और भड़काऊ नारेबाजी की। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मेहर आलम और 50-60 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 143, 147, 153 ए, आईपीसी और 7 सीएलए एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ऊधमसिंह नगर के खेड़ा से चार साल की मासूम का अपहरण, मांगी 15 लाख की फिरौती

रुद्रपुर। खेड़ा से चार साल की मासूम का अपहरण कर लिया गया। आरोप है कि इस दौरान अपहरणकर्ताओं ने स्वजनों से 15 लाख की फिरौती मांगी। इसका पता चलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन पुलिस और एसओजी ने जानकारी ली और अपहरणकर्ताओं की तलाश में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक खेड़ा निवासी शाहिद नवी की साढ़े चार वर्षीय बेटी शनिवार शाम चार बजे से अचानक घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। इस पर स्वजनों ने मासूम के लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। इधर, देर रात शाहिद नवी के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉलर ने कहा कि बच्ची सुबह 11 बजे तक घर पहुंच जाएगी। रविवार सुबह एक बार फिर उसी नंबर से कॉल आई। इस दौरान उसने बच्ची को सकुशल छोड़ने के एवज में 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी। इस पर स्वजनों ने पुलिस को मामले से अवगत कराया। बच्चे के फिरौती के लिए अपहरण की सूचना पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सिटी अभय सिंह पुलिस टीम के साथ अपहरणकर्ताओं की तलाश में जुट गई है। इसके लिए पुलिस की अलग अलग टीम यूएस नगर के साथ ही यूपी के कई संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है। साथ ही फिरौती के लिए जिस नंबर से कॉल की गई थी, उसे भी ट्रेस किया जा रहा है। सितारगंज: बेटी की शादी के लिए स्वजनों ने अलमारी में रखे साढ़े तीन लाख रुपये, जेवरात चोरी कर लिए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस प्रकरण के खुलासे के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। चोरी की वारदात के बाद पीड़ित पिता उसके स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# उत्तराखंड में होगी स्टेट आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाईजेशन की स्थापना : डॉ0 धन सिंह रावत

## स्वास्थ्य मंत्री बोले, भारत सरकार से मिली सैद्धांतिक स्वीकृति



- शोध एवं चिकित्सा शिक्षा के लिये पीजीआई चंडीगढ़ के साथ होगा एमओयू
- डॉ0 रावत ने किया पीजीआई चण्डीगढ़ में रोटो सेंटर का भ्रमण

**आशीष तिवारी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

प्रदेश के लिए गुड़ न्यूज़ है , उत्तराखंड में शीघ्र ही अंगदान एवं प्रत्यारोपण के लिये स्टेट आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट अर्गनाईजेशन (सोटो) की स्थापना की जायेगी, जो कि राजकीय दून मेडिकल कॉलेज देहरादून में संचालित किया जायेगा। सोटो की स्थापना के लिये भारत सरकार ने भी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। उत्तराखंड मेडिकल एजूकेशन एवं पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चण्डीगढ़ (पीजीआईएमईआर) के बीच एकेडमिक एवं शोध कार्यों को एक साथ मिलकर करने पर सहमति बनी। जिस हेतु शीघ्र ही दोनों पक्षों के मध्य एमओयू किये जायेंगे।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने चंडीगढ़ में कहा है कि अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण के लिये शीघ्र ही उत्तराखंड में स्टेट आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाईजेशन (सोटो) की स्थापना की जायेगी। जिसे देहरादून स्थित राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में संचालित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि सोटो की स्थापना के लिये भारत सरकार ने भी सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। सोटो के पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर नेशनल आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट अर्गनाईजेशन (नोटो) में विधिवत आवेदन किया जायेगा और केंद्र सरकार से बजट मिलते ही इसे शुरू कर दिया जाएगा। डॉ0 रावत ने बताया कि उत्तराखंड में सोटो की स्थापना को लेकर पीजीआई चंडीगढ़ के अधिकारियों एवं चिकित्साकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत के रिजिनल आर्गन एंड टिश्यू टॉसप्लांट ऑर्गनाईजेशन (रोटो) के अधिकारियों से भी उत्तराखंड में स्टेट आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाईजेशन की स्थापना में सहयोग करने की बात रखी, जिस पर पीजीआई चंडीगढ़ के निदेशक एवं नोडल अधिकारी रोटो ने हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। डॉ0 रावत ने बताया कि रोटो की स्थापना होने से प्रदेश के लोगों को अंग प्रत्यारोपण के लिये अन्य राज्यों का रूख नहीं करना पडेगा। उन्होंने बताया कि सोटो के माध्यम से अंग दाताओं की पहचान, पंजीकरण के साथ ही अंगदान के लिये जागरूकता अभियान संचालित किया जायेगा। जिससे राज्य में किडनी, लीवर, हार्ट, हाई वाल्व, आंखें, फेफडे, अग्नाशय जैसे सिंगल व मल्टी आर्गन्स का प्रत्यारोपण आसानी से किया जा सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड मेडिकल एजूकेशन एवं पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चण्डीगढ़ (पीजीआईएमईआर) के बीच एकेडमिक एवं शोध कार्यों को एक साथ मिलकर करने पर सहमति बनी। जिस हेतु शीघ्र ही दोनों पक्षों के मध्य एमओयू किये जायेंगे। बैठक के उपरांत स्वास्थ्य मंत्री ने पीजीआई चण्डीगढ़ में रोटो सेंटर का भ्रमण विस्तृत जानकारी हासिल की।

बैठक में पीजीआई चण्डीगढ़ के निदेशक प्रो0 विवेक लाल, मेडिकल सुपरिडेंट एवं नोडल रोटो पीजीआईएमईआर डॉ0 विपिन कौशल, सब डीन शोध डॉ0 आर0के0 सहगल, सब डीन एकेडमिक डॉ0 के0 गाबा सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।



# डोईवाला में शहीदों के परिजनों को मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया सम्मानित






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून में पूर्व सैनिक संगठन डोईवाला की ओर से शहीदों के परिजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने शहीदों के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर 28 शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

भानियावाला बाज़ार में आयोजित कार्यक्रम में मिनिस्टर अग्रवाल ने कहा कि शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीदों के सम्मान और उनके परिजनों के हित के लिये राज्य सरकार कार्य कर रही गई। प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि सेवा से रिटायर हो कर आने वाले सैनिकों को स्वरोजगार के लिए राज्य सरकार 50 हजार रुपये का विशेष अनुदान देगी। साथ ही शहीद सैनिकों के मेधावी बच्चों की छात्रवृत्तियों को भी दस गुना तक बढ़ाया जाएगा।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में शहीद सैनिकों के बच्चों के लिए कक्षा एक से आठ तक पांच हजार और नौ से 12 तक छह हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है। इसे क्रमशः पांच व दस हजार रुपये किया जाएगा। स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर वर्तमान में चार हजार रुपये की छात्रवृत्ति को 40 हजार, शोध व एम-एमफिल आदि के लिए 10 हजार की छात्रवृत्ति को एक लाख रुपये सालाना किया जाएगा।कहा कि कक्षा एक से 12तक 80% से ज्यादा अंक पाने वाले बच्चों 12 के बजाए 60 हजार रुपये, स्नातक स्तर पर 80% से अधिक अंक पर 15 हजार के स्थान पर 75 हजार और स्नातक के अंतिम वर्ष में 70% से अधिक अंक पर 18 के बजाए 90 हजार रुपये सालाना छात्रवृत्ति देने की योजना है। पूर्व सैनिकों के आश्रितों की छात्रवृत्ति में भी वृद्धि प्रस्तावित है।

मंत्री अग्रवाल जी ने कहा कि हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तराखण्ड राज्य के वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों को देय एकमुश्त अनुदान में वृद्धि की गई। परमवीर चक्र 30 लाख से 50 लाख, अशोक चक्र 30 लाख से 50 लाख, महावीर चक्र 20 से 35 लाख, कीर्ति चक्र 20 लाख से 35 लाख, वीर चक्र और शौर्य चक्र 15 से 25 लाख और सेना गैलेन्ट्री मेडल 07 लाख से 15 लाख, मैन्सइनडिस्पेच 03 लाख से 10 लाख शामिल हैं। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, कार्यक्रम संयोजक नरेन्द्र सिंह नेगी, ज्योतिषाचार्य रमेश सेमवाल, उत्तराखंड पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन आनंद सिंह राणा, संरक्षक कमांडर शौकीन सिंह, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र बेलवाल, एनके शर्मा, प्रधान सुधीर रतूड़ी, क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष अरुण कुमार सहित शहीदों के परिजन उपस्थित रहे।

## साक्षात्कार : यशपाल आर्य, नेता प्रतिपक्ष, उत्तराखंड

# "बजट से नहीं है बड़ी उम्मीद, सरकार गैरसैंण के प्रति गंभीर नहीं": यशपाल आर्य

**एम. फहीम 'तन्हा' देहरादून**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

14 जून को विधानसभा का बजट सत्र शुरु होने जा रहा है, राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार करीब 63हज़ार करोड़ का बजट पेश करेगी। सत्र को लेकर सरकार अपनी तैयारियां कर रही है और दूसरी तरफ विपक्ष भी सत्र के दौरान विभिन्न मुद्दे उठाकर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। क्या है विपक्ष की तैयारी, विपक्ष के सामने क्या हैं चुनौती और कैसी है एकजुटता? ऐसे ही कुछ सवालों को लेकर हमने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से खास बात की।

**प्रश्न.1- बजट सत्र 14 जून से शुरु हो रहा है, विपक्ष किन-किन मुद्दों को सत्र में उठाने की तैयारी कर रहा है?**

उत्तर- देखिए हमारे पास कई प्रमुख मुद्दे हैं, सरकार फेल हो चुकी है। हमारे पास राज्य की जनता के मुद्दे हैं, गरीबों के, कमजोर तबके के, नौजवानों के मुद्दे हैं। चारधाम यात्रा है, महंगाई है, कानून व्यवस्था है, ये जो हादसे हो रहे हैं, मौते हो रही हैं, मध्यप्रदेश के यात्रियों की दुखद मौते हुईं, शासन-प्रशासन को कई घंटों के बाद मौतों की जानकारी मिल रही है। देखिए, सोमवार को हमारे विधानमंडल दल की बैठक होनी है, जिसमें हमारे सभी विधायक शामिल होंगे, जिसमें बजट सत्र को लेकर विचार विमर्श करेंगे और सत्र में उठाने के लिए मुद्दों की प्राथमिकता और रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।

**प्रश्न.2- बजट सत्र को गैरसेंण में करने की तैयारी हो रही थी लेकिन अब देहरादून में ही हो रहा है, इसको विपक्ष किस रूप में देखता है?**

उत्तर- देखिए, कांग्रेस ने ही गैरसेंण में सत्र प्रारम्भ करने का संकल्प पारित किया था और उस समय पूरे सदन ने सहमति दी थी। बाद में बीजेपी सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री (त्रिवेंद्र सिंह रावत) ने गैरसेंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने की घोषणा की। हमने तो गैरसेंण में टेंट लगाकर सत्र प्रारम्भ किया था। लेकिन आज क्या कारण है कि ये गैरसेंण से दूर भाग रहे हैं, क्या यही इनकी प्रतिबद्धता और पहाड़ के प्रति लगाव है। क्या ये जनादेश का अपमान नहीं है, ये एक बहुत बड़ा सवाल है। ये मुद्दों से और गैरसेंण से बचना चाहते हैं। ये कहते हैं कि चारधाम यात्रा के कारण सत्र चलाने में कठिनाईयां थीं तो इसका मतलब है कि चारधाम यात्रा की दुश्वारियां और अव्यवस्था को इन्होने स्वीकार कर लिया है। सत्र हमेशा होगा और चारधाम यात्रा भी हमेशा होगी, इसलिए सरकार को सत्र की पहले से ही तैयारी करनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इनकी कथनी और करनी में अंतर है, सरकार गैरसेंण के प्रति गंभीर नहीं है।

**प्रश्न.3- राज्य के बजट को लेकर आप कैसी उम्मीद कर रहे हैं? वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने कहा है कि जनता की सरकार जनता का बजट पेश करेगी।**

उत्तर- बजट को लेकर हमें ज्यादा उम्मीदे दिखाई नहीं देती हैं, कुछ बेहतर होगा तो उसका स्वागत भी करेंगे। अगर जनता का बजट होगा तो वो भी दिखाई दे जाएगा। मेरा मानना है कि ये जनता के बजट से उलट भाजपा का बजट होगा। बजट में तो नौजवानों के रोजगार की बात होनी चाहिए, पलायन को रोकने की बात होनी चाहिए, अवस्थापना विकास में क्या व्यवस्थाएँ की हैं। सेलरी के लिए पैसा नहीं है, कितने संसाधन जुटा रहे हैं, आय के क्या स्रोत होंगे, ऊर्जा प्रदेश एवं पर्यटन प्रदेश की बात कर रहे थे लेकिन आज कहां पर खड़ें हैं। मेरा मानना है ये जनांकाक्षाओं के विपरीत बजट होगा, असली तस्वीर तो बजट हाथ में आने के बाद ही सामने आ पाएगी।



**नेता प्रतिपक्ष ने कहा कांग्रेस कठिन दौर से गुजर रही है एकजुट होने की जरुरत**

**प्रश्न.4- कांग्रेस में अब क्या एकजुटता महसूस करते हैं जोकि एक मजबूत विपक्ष की भूमिका के लिए जरुरी भी मानी जाती है?**

उत्तर- बहुत कठिन दौर से कांग्रेस गुजर रही है, हमें एकजुट होने की जरुरत है, जब कांग्रेस एकजुट होती है तो जीत भी सुनिश्चित होती है। हमारा 9 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक 'भारत जोड़ो' अभियान चलेगा, ये 'भारत जोड़ो' शब्द तो छोटा सा है लेकिन ये पूरे देश को एकसूत्र में पिरोने का काम करता है, अनेकता में एकता और एकजुटता का संदेश देता है। सबको साथ लेकर चलने की नीति कांग्रेस की रही है। हम पद यात्राएँ भी करेंगे, जनता से संपर्क करके संवाद स्थापित करेंगे। ये पद यात्राएं बस्ती-बस्ती, गांव-गांव जाएंगी और बताएंगी कि कांग्रेस का क्या इतिहास रहा है, देश के निर्माण में क्या भूमिका रही है और कांग्रेस का क्या बलिदान है। ये सारी बातें हम लोगों के बीच में रखेंगे। आज नौजवानों को भ्रमित और गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, इतिहास को झुठलाने की कोशिश की जा रही है। ये देश किसी एक का नहीं बल्कि हम सबका है, सबको मिलकर काम करना है। देश की आजादी और निर्माण में सभी ने अपना योगदान दिया है अपने प्राणों की आहूति दी है। हम देश के भविष्य के नेता नौजवानों को समझाने की कोशिश करेंगे कि आखिरकार देश में ये हो क्या रहा है।

**प्रश्न.5- आप एकजुटता की बात कर रहे हैं लेकिन प्रीतम सिंह तो साथ में दिख नहीं रहे हैं, वे चिंतन मंथन क्रियान्वयन शिविर में भी शामिल नहीं हुए?**

उत्तर- प्रीतम सिंह जी हमारे वरिष्ठ नेता हैं, हम उनका बड़ा सम्मान करते हैं, हमने उनके साथ काम भी किया है, कुछ वजह एवं व्यक्तिगत कारण भी हो सकते हैं उसको नाराजगी से जोड़ना ठीक नहीं है। कांग्रेस के एक बड़े नेता हैं प्रीतम सिंह जी, आज हम जिस दौर से गुजर रहे हैं सबकी आवश्यकता है साथ मिलकर चलने की। प्रीतम सिंह जी का सहयोग हम सबके लिए अपेक्षित है। हमारी कोशिश होगी कि सबको साथ लेकर चलें। मैं तो ईमानदारी से कहता हूँ कि मुझे कोई लालसा नहीं है, मुझे बस यही अपेक्षा है कि कांग्रेस मजबूत हो। कांग्रेस मजबूत होगी तो देश मजबूत होगा और एकता-भाईचारा मजबूत होगा।

**प्रश्न.6- नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी के समन पर राहुल गांधी पेश होंगे, कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है, ऐसा क्यों है?**

* उत्तर- * देखिए, पूरा-पूरा एक प्रपंच है, कांग्रेस के खिलाफ एक माहौल तैयार करने की कोशिश की जा रही है। सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी हमारे नेता हैं, और नेता पर कोई उँगली उठाए वो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे, राहुल गांधी को ईडी ने समन भेजा है कल (सोमवार को) उनको पेश होना है लेकिन हम सब लोग प्रदेशभर में तबतक शांतिपूर्ण एवं अहिंसक धरने पर बैठेंगे जबतक राहुल गांधी को ईडी वापिस नहीं भेज देती है।



# मुख्यमंत्री धामी ने दी गायक जुबिन नौटियाल को बधाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बॉलीवुड गायक जुबिन नौटियाल को बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल का अवार्ड मिलने पर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गायक जुबिन नौटियाल को मिला यह सम्मान राज्य का भी सम्मान है। इससे युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। गायक जुबिन नौटियाल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, श्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, सांसद नरेश बसंल, जुबिन नौटियाल के पिता रामशरण नौटियाल आदि उपस्थित थे।

आपको बता दें कि अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार के 22वें संस्करण में उत्तराखंड के रहने वाले बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल के बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल का अवॉर्ड दिया गया है।

# पिथौरागढ़ में खाई में गिरी कार, चार महिलाओं की मौत, दो पुरुष घायल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

थल (पिथौरागढ़) : शनिवार की रात व रविवार का दिन कुमाऊं के लिए भारी रहा। नैनीताल में रात में दो हादसों में तीन की जान चली गई। डीडीहाट के पूनी गाव से बागेश्वर को जा रही एक कार थल से दस किमी दूर अस्कोट -कर्णप्रयाग मोटर मार्ग में पमतोड़ी के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। कार में सवार एक ही परिवार की तीन महिलाओं सहित एक रिश्तेदार महिला की मौत हो गई । मृतकों में एक नब्बे वर्षीय महिला भी शामिल है। परिवार के दो पुरु ष घायल हो गए। हादसे में सास, जेठानी, देवरानी सहित रिश्तेदार की मौत हो गई। दो भाई घायल हो गए।

मूलरूप से पूनी गांव निवासी वर्तमान में हल्द्वानी में बस चुके पूर्व शिक्षक चंदन सिंह बसेड़ा अपने दूसरे गांव साता में पूजा कर रविवार को अपने परिवार के साथ निजी कार यूपी 02ए -6409 से बागेश्वर को जा रहा थे। कार थल से लगभग नौ किमी की दूरी पर पमतोड़ी के पास अनियंत्रित होकर सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार तुलसी देवी 53 वर्ष पत्नी चंदन सिंह बसेड़ा, आशा बसेड़ा 50 वर्ष पत्नी गोविंद सिंह निवासी पूनी गांव हाल निवासी हल्द्वानी, तारा देवी 50 वर्ष पत्नी बलवंत सिंह नगरकोटी निवासी मंडलसेरा बागेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। देवकी देवी 90 वर्ष पत्नी धन सिंह बसेड़ा निवासी पूनी गांव हाल निवासी हल्द्वानी की थल गोचर अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हुई। कार चला रहे चंदन सिंह बसेड़ा 61 वर्ष पुत्र धन सिंह बसेड़ा, उसका छोटा भाई गोविंद सिंह बसेड़ा 57 वर्ष और उनकी मां देवकी देवी 90 वर्ष पत्नी धन सिंह बसेड़ा घायल हो गए।

कार चला रहा चंदन सिंह कार के खाई में गिरने के दौरान वाहन से छिटक गया था और घायलावस्था में खाई से घिसट कर सड़क पर पहुंचा। उसी दौरान उसने बाइक से कहीं जा रहे नाचनी निवासी दो युवाओं को दुर्घटना के बारे में बताया। थल से पुलिस, युवा, एसडीआरएफ मौके पर पहुंच गई। दो घायलों को खाई से निकाला।

थल निवासी समाज सेवी सुनील सत्याल तीनों घायलों को अपनी कार से गोचर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां उपचार के दौरान 90 वर्षीय देवकी देवी ने दम तोड़ दिया। घायल दोनों भाईयों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इस हादसे में सास, देवरानी, जेठानी सहित घायल गोविंद सिंह की बागेश्वर निवासी साली की मृत्यु हुई। परिवार साली को उसके घर पहुंचाने बागेश्वर जा रहा था। मृतका तुलसी देवी बागेश्वर के जूनियर हाईस्कूल में शिक्षिका थी।

सूचना मिलते ही थल थानाध्यक्ष हीरा सिंह डांगी, डीडीहाट कोतवाली के प्रभारी हिमांशु पंत , एसआइ बसंत टम्टा, जवान रमेश शर्मा, हैड कांस्टेबिल हरीश कुमार, गणेश राम, हेम चंद्र राणा, प्रदीप गिरी सहित स्थानीय समाज सेवी संजय बसेड़ा, गिरीश बसेड़ा, होशियार सिंह मेहता, लालू मेहता, मनोहर सिंह आदि भी मौके पर पहुंचे और खाई में उतर कर बचाव कार्य में जुटे। एसडीआरएफ भी राहत कार्य में जुटी। जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए शवों के पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय से चिकित्सा टीम थल भेज दी है।

## संपादकीय

### बनाए रखें शांति और सद्भाव

रांची के कुछ इलाकों से प्रदर्शन और हिंसा की खबरें सामने आयी हैं. ऐसे में हमेशा यह आशंका बनी रहती है कि कहीं कोई झड़प चिंगारी का काम न कर दे और पूरा शहर कहीं उसकी गिरफ्त में न आ जाए. पुलिस प्रशासन को चुस्ती दिखानी होगी, ताकि शहर इस स्थिति से बचा रहे. सरकार व प्रशासन को भी सख्त संदेश देना होगा कि वह ऐसे तत्वों से सख्ती से निपट रही है, क्योंकि जरा-सी लापरवाही शहर और राज्य पर भारी पड़ सकती है. साथ ही हम सब को भी चौकन्ना रहना होगा कि कहीं चंद हुड़दंगियों के कारण पूरा शहर अस्त-व्यस्त न हो जाए. हम आपसी द्वेष के दुष्चक्र में न फंसें और अमन व भाईचारा बनाए रखें. हम सबको सतर्क रहना होगा कि असामाजिक तत्व इस मौके का लाभ न उठा पाएं और सामाजिक शांति और सद्भाव भंग न करने पाएं. यह सही है कि सरकार व प्रशासन मुस्तैद रहे, लेकिन समाज के सभी वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों को अपना दायित्व निभाना होगा. शहर का अमन चैन बिगाड़ने वाले लोग किसी अन्य ग्रह से नहीं आते हैं, वे अपने आसपास के ही लोग हैं. शहर के जागरूक नागरिक अपना कर्तव्य निभाएं, ऐसे लोगों को टोकें और आगाह करें कि वे माहौल खराब न करें. दूसरी महत्वपूर्ण बात है कि सोशल मीडिया, खास कर व्हाट्सएप अफवाहों को हवा देता है. ऐसे संदेशों को फैलाने में योगदान न दें. अगर आपका कोई परिचित ऐसा करता है, तो लोगों के हित में उसे टोकें और मना करें. यह जान लीजिए, हिंसा से स्कूल कॉलेज ठप हो जायेंगे, दफ्तरों में काम बंद हो जायेगा और काम-धंधा सब ठप हो जायेगा. यह गंभीर स्थिति है. सांप्रदायिक हिंसा की एक बड़ी घटना एक झटके में शहर व राज्य के अमन चैन पर पानी फेर सकती है. अगर आप चाहते हैं कि आपका शहर व प्रदेश आगे बढ़े, उसकी छवि पर बट्टा न लगे, तो हमें अपने शहर के सामाजिक सौहार्द को हर कीमत पर बनाए रखना होगा.

# आज भी झेलना पड़ेगा प्रचंड गर्मी का 'वार', मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। इस कड़ी में रविवार को भी लोगों ने सूरज के तल्ख तेवरों का सामना किया। बीते 24 घंटे में अधिकतम पारा 43.9 डिग्री सेल्सियस पहुंचने पर 12 जून बीते तीन सालों में सबसे गर्म रहा। इससे पहले 2019 में पारा 44.5 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। अगले 24 घंटे में भी भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए यलो अलर्ट जारी करते हुए भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई है।

रविवार को सुबह से ही सूरज के तल्ख तेवर रहे। दिनभर लू थपेड़ो का दौर जारी रहा। इस बीच अधिकतम तापमान सामान्य से चार अधिक 43.9 व न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच अधिक 32.8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। रविवार की वजह से छुट्टी होने के कारण दोपहर में सड़कों पर लोगों की संख्या कम रही। वहीं, पर्यटन स्थलों पर भी लोगों की कम भीड़ देखी गई। हवा में नमी का स्तर 15 से 33 फीसदी रहा।

दिल्ली के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स इलाके में गर्मी के तेवर सबसे तल्ख रहे। यहां का अधिकतम पारा 46.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद नजफगढ़ में 46.4, मुंगेशपुर में 46.2 व पीतमपुरा और रिज में 45.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। पारा अधिक होने की वज से इन इलाकों में गंभीर स्तर की लू दर्ज की गई है। बता दें कि दिल्ली में बीती दो जून से लगातार लू का प्रकोप जारी है। साथ ही बाहरी इलाकों में गंभीर स्तर की लू रिकॉर्ड की जा रही है।

मौसम विभाग ने सोमवार के लिए यलो अलर्ट जारी करते हुए भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई है।

साथ ही कुछ इलाकों में लू भी दर्ज की जा सकती है। हवा की रफ्तार 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी। इसके अगले दिन भी राहत के संकेत नहीं हैं। हालांकि, 16 जून से प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय होने की वजह से हल्की बारिश का दौर शुरू होगा और लू व भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है।

# भाजपा की एकतरफा जीत, सभी 26 सीटें जीतीं, कांग्रेस का नहीं खुला खाता



दिसपुर, एजेंसी। असम की कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी) के चुनाव में भाजपा ने सभी 26 सीट पर जीत हासिल कर ली है। अधिकारियों ने रविवार की शाम को यह जानकारी दी। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया है।

उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, असम भाजपा को केएएसी चुनावों में लगातार दूसरी बार ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए हम कार्बी आंगलोंग के लोगों के सामने झुकते हैं। शहरी निकाय और जीएमसी चुनावों में जीत के बाद यह बड़ी जीत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबका साथ सबका विश्वास' के विजन में जनता के विश्वास की सच्ची पुष्टि है।

# 40 बीघा जंगल में आग, चिलगोजा के सैकड़ों पेड़ जले, आईटीबीपी, सेना काबू पाने में जुटी



**पूह (किन्नौर)।** तीन दिन से धधक रहे पूह खंड के जंगी गांव से सटे जंगल में आग ने भीषण रूप ले लिया है। करीब 40 बीघा जंगल में आग फैलने से सैकड़ों चिलगोजा के पेड़ जल गए हैं। इससे करोड़ों की वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। बिजली के तारों के टकराने से लगी आग में वन्य प्राणियों को भी भारी क्षति पहुंची है। चिंता की बात यह है कि जंगल की आग से प्रदेश के एकमात्र चिलगोजा उत्पादन क्षेत्र पर खतरा मंडरा रहा है। जिले की पूह घाटी में ही चिलगोजा होता है। इसको देखते हुए क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश सरकार से आग बुझाने के लिए हेलिकॉप्टर उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है।

शुक्रवार देर शाम विद्युत बोर्ड की 22 केवी और 66 केवी लाइनों के आपस में टकराने से जंगी गांव के नजदीक कोविड सेंटर से लेकर तितलीदार के बीच जंगल में आग लग गई। तेज हवाओं के कारण कुछ ही घंटों में आग करीब 40 बीघा जंगल में फैल गई। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग, मूरंग से आईटीबीपी की दो यूनिट, सेना, जंगी, लिप्पा, रारंग, स्कीबा, मूरंग और ठंगी के ग्रामीणों ने आग पर काबू का प्रयास शुरू किया लेकिन तेज हवाओं के कारण आग जंगी गांव की ओर फैल रही थी, जिसे रोकने के लिए फायर लाइन बनाई गई। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद गांव को आग से सुरक्षित किया गया। प्रशासन का दावा है कि करीब 80 फीसदी आग पर काबू पाया लिया गया है जबकि टीमें शेष बची आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। जंगल में लगी आग से विभिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधों समेत करोड़ों की वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। सबसे अधिक नुकसान चिलगोजा के पेड़ों को पहुंचा है, जिससे ग्रामीण हर साल बड़ी मात्रा में चिलगोजा निकालकर अपनी आर्थिकी सुदृढ़ करते हैं। आग बुझाने में वन विभाग के आरओ मूरंग मनमोहन नेगी, बीओ रिब्बा काबिर नेगी की अगुवाई में अभियान चलाया गया। वन विभाग रिकांगपिओ के डीएफओ रिजनोल्ट राइस्टन ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं, जल्द ही आग को पूरी तरह से बुझा लिया जाएगा।

हिमाचल में किन्नौर जिला में ही चिलगोजा का उत्पादन होता है। यहां के जंगलों से प्राकृतिक तौर पर उगे चिलगोजा के पेड़ों से फल निकालकर लोग करोड़ों की कमाई करते हैं। क्षेत्र के लोग अपनी आर्थिकी सुदृढ़ करते हैं। क्षेत्र के पूह वैली के जंगलों में ही चिलगोजा उत्पादन होता है। इसको देखते हुए क्षेत्र के लोगों ने इन दुर्लभ पेड़ों को बचाने के लिए प्रदेश सरकार से जल्द कदम उठाने की मांग की है।

# ऊर्जा क्षेत्र में विकल्प रहित संकल्प है सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

## लोकार्पित परियोजनाओं में 13 यूपीसीएल तथा 02 पिटकुल की योजनाएं शामिल






- ऊर्जा सचिव डॉ आर मीनाक्षी सुंदरम,अपर सचिव डॉ अहमद इक़बाल और प्रबंध निदेशक अनिल कुमार यादव जुटे है मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने में
- प्रबंध निदेशक अनिल कुमार यादव की तकनीकी महारत ऊर्जा निगमों के लिए साबित हो रही है संजीवनी बूटी,सीमित संसाधनों और आर्थिक बोझ के बावजूद उपभोक्ताओं को दे रहे है निर्बाध और सस्ती बिजली

**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि. एवं पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ लि. द्वारा पूर्ण की गई कुल 13 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में 13 यूपीसीएल तथा 02 पिडकुल की शामिल हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनता को समर्पित हुई हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में ऊर्जा के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उत्तराखण्ड को ऊर्जा प्रदेश बनाने के लिए सभी को सामुहिक प्रयास करने होंगे। देवभूमि उत्तराखण्ड गंगा एवं यमुना का उद्गम स्थल है। राज्य में जल विद्युत की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में तेजी से कार्य करने की जरूरत है। राज्य के राजस्व स्रोतों में ऊर्जा का स्रोत महत्वपूर्ण है। राज्य में जल विद्युत परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो, इसके लिए सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से काम करने होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड के लिए ऊर्जा का क्षेत्र महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्युत की रोस्टिंग कम से कम किये जाने के प्रयास किये जाएं। जो रोस्टिंग की जा रही है, उसका समय निर्धारित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत मीटरों, बिजली के बिलों की शिकायतों पर सख्त कारवाई की जाए।





मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई कार्य संस्कृति आई है। राज्य में जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के मंत्र पर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने से मन में संतुष्टि का भाव तभी आयेगा, जब कार्य पूर्ण मनोयोग से किया जाए।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उर्जा के क्षेत्र में उत्तराखण्ड में अनेक संभावनाएं हैं। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उत्तराखण्ड में ऊर्जा के क्षेत्र में पर्वतीय राज्य के दृष्टिगत योजनाएं बननी जरूरी हैं।

**ये हैं लोकार्पित की गई परियोजनाएं**

1. 2X3 MVA, 33/11 के.वी. उपसंस्थान सोनप्रयाग एवं 33 के. वी. गुप्तकाशी सोनप्रयाग लाईन - श्री केदारनाथ जी की विद्युत आपूर्ति के सुदृढ़ीकरण हेतु ।2. 33 के. वी. सिमली - नन्दप्रयाग लाईन, श्री बद्रीनाथ जी की विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु ।3. 2X8 MVA, 33/11 के.वी. जी.आई.एस. उपसंस्थान, ऋषिकेश, देहरादून ।4.2X10 MVA, 33/11 के.वी. जी.आई.एस. उपसंस्थान, कनखल, हरिद्वार ।5.2X10 MVA, 33/11 के.वी. जी.आई.एस. उपसंस्थान, पनियाला, रुड़की ।6. 2X5 MVA, 33/11 के.वी. जी.आई.एस. उपसंस्थान, अल्मोड़ा ।7.2X10 MVA, 33/11 के.वी. जी.आई.एस. उपसंस्थान, रूद्रपुर ।8. 2X10 MVA, 33/11 के.वी. जी.आई.एस. उपसंस्थान, किच्छा, उधमसिंहनगर ।9. 2X10 MVA, 33/11 के.वी. जी.आई.एस. उपसंस्थान, काठगोदाम, हल्द्वानी ।10.2X3 MVA, 33/11 के.वी. उपसंस्थान, आराकोट, उत्तरकाशी। 11. 2X5 MVA, 33/11 के.वी. उपसंस्थान, असकोट, पिथौरागढ़ ।12.220 KV, व्यासी देहरादून डबल सर्किट लाईन ।13. 2X50MVA, 220/33 के.वी., उपसंस्थान, जाफरपुर, उद्यम सिंह नगर ।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल एवं पिटकुल अनिल कुमार, एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल, अपर सचिव अहमद इकबाल, अपर सचिव रंजना राजगुरू एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# वीकेंड होने से ऋषिकेश और हरिद्वार में यात्रियों की भारी भीड़, यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप, लगा कई किमी लंबा जाम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार/ ऋषिकेश : सप्ताहांत पर रविवार का दिन ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र के नागरिकों पर जाम के कारण भारी गुजरा है। दिन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस बीच जाम के कारण स्थानीय लोग खासे परेशान रहे। ऋषिकेश से हरिद्वार के बीच का सफर 30 मिनट का होता है, जो इन हालात में डेढ़ घंटे में पूरा हुआ।

ऋषिकेश, मुनिकीरेती, तपोवन, लक्ष्मण झूला, गरुड़ चट्टी, फूल चट्टी, मोहन चट्टी आसपास क्षेत्र में गर्मी से राहत पाने के लिए समीप राज्य से बड़ी संख्या में पर्यटक शनिवार को ही यहां पहुंचना शुरू हो गए थे। रविवार को हरियाणा, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटकों की आमद सुबह से ही शुरू हो गई थी।

रविवार को रायवाला फ्लाईओवर से लेकर ऋषिकेश और इससे आगे नटराज चौक, भद्रकाली, तपोवन सभी क्षेत्र की सड़कें पर्यटकों के वाहनों से पैक हो गईं। इन हालात में स्थानीय नागरिकों का इन सड़कों पर दुपहिया चलाना भी किसी चुनौती से कम नहीं रहा। रविवार को बाहर से आने वाले पर्यटकों के वाहनों के अतिरिक्त शनिवार को यहां पहुंचे वह पर्यटक जिन्होंने वापस लौटना था उनके वाहनों के कारण भी जाम लगा रहा।

पर्यटक यहां मुनिकीरेती - कौड़ियाला इको टूरिज्म जोन में राफ्टिंग और कैंपिंग का लुत्फ उठाने आते हैं। यहां की सड़कों पर राफ्टिंग कंपनियों के वाहनों के ऊपर रखे राफ्ट के कारण भी जाम लग रहा है। तपोवन और आसपास क्षेत्र में होटल और लाज सभी फुल हैं। इनमें से अधिकतर में अपनी पार्किंग नहीं है, जिस कारण वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा किया गया है।



दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा